अनुपात 1: 10 किये जाने हेतु वेतनबैन्ड–1 रूपया 5200–20200 तथा ग्रेड वेतन रूपया 2800/– में राजस्व निरीक्षक के 590 (3224–2634=590) अतिरिक्त पदों को सृजित कराने का कष्ट करें। उक्त सृजित किये जाने वाले पदों पर पड़ने वाले एक वर्ष का कुल आवर्तक व्यय भार विवरण संलग्न है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(धीरज साहू)
आयुक्त एवं सचिव
कृते आयुक्त एवं सचिव।

भूलेख अधिष्ठान के अन्तर्गत राजस्व निरीक्षक के पदों के सृजन हेतु अनुमानित आगणन

( धनराशि रूपये में )

| कमाक | पदनाम | वेतन बैण्ड | पद | अवधि | वेतन दर | ग्रेड़ पे | वेतन एवं | वेतन वृद्धि | वेतन | कुल वार्षिक | मँहगाई भत्ता | अन्य भत्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (माह में) | | | ग्रेड पे | 3 प्रतिशत | | वेतन | 130 प्रतिशत | 8 प्रतिशत |
| | | | | | | | | | | | अनुमानित | अनुमानित |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | राजस्व निरीक्षक | 5200-20200 | 590 | 12 | 5200 | 2800 | 8000 | 210 | 8210 | 58126800 | 75564840 | 4650150 |
| | योग | | 590 | | | | | | | 58126800 | 75564840 | 4650150 |
| बोनस 590 पदों हेतु 3500 की दर से | | | | | | | | | | 2065000 | 0 | 0 |
| | | | | | | | | | | 60191800 | 75564840 | 4650150 |

Ashok
6.1.16

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0प्र0
अनुभाग–4, लखनऊ ।

सेवा में,

सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,
राजस्व अनुभाग–9,
लखनऊ।

संख्या: – 5295/4– 4एफ/2008 दिनांक 13/01/2016

विषय– समस्त सरकारी कार्यो के सम्पादन एवं कुशल पर्यवेक्षण के दृटिगत, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल के पदों का अनुपात 1:10 किये जाने हेतु राजस्व निरीक्षक के 590 अतिरिक्त पदों का सृजन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–366/ एक–9–15–39 (रा0नि0)/2014 दिनांक 27–02–2015 एवं शासनादेश संख्या–1372/ एक–9–2015–37 (पदसृजन)/2015 दिनांक 21–05–2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके द्वारा क्रमशः राजस्व निरीक्षक के 1308 अतिरिक्त अस्थाई पदों एवं लेखपाल के 5000 अतिरिक्त अस्थाई पदों का सृजन किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त शासनादेश दिनांक 27.02.2015 द्वारा राजस्व निरीक्षकों के समस्त सरकारी कार्यो के सम्पादन एवं कुशल पर्यवेक्षण के दृटिगत राजस्व निरीक्षक के 1308 अतिरिक्त पदों का सृजन, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल के पदों का अनुपात 1: 10 को ध्यान में रखते हुए किया गया है। तत्समय लेखपाल के पदों की संख्या 27237 थी। उपरोक्त शासनादेश दिनांक 27.02.2015 निर्गत किये जाने के उपरांत शासनादेश संख्या–1372/ एक–9–2015–37 (पदसृजन)/2015 दिनांक 21–05–2015 द्वारा लेखपाल के 5000 अतिरिक्त अस्थाई पदों का सृजन किये जाने के उपरांत वर्तमान में प्रदेश में लेखपालों की कुल संख्या 32237 हो गई है। इस तरह 1: 10 के अनुपात के आधार पर 32237 लेखपालों के सापेक्ष कुल 3224 राजस्व निरीक्षक के पदों की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में मात्र 2634 राजस्व निरीक्षक के पद ही सृजित हैं।

अतः शासन से अनुरोध है कि राजस्व निरीक्षकों के समस्त सरकारी कार्यो के सम्पादन एवं कुशल पर्यवेक्षण के दृटिगत राजस्व निरीक्षक और लेखपाल के पदों का